J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 29.01.2021

AMAR UJALA

डॉ. ओपी बने फैकल्टी एसोसिएशन के अध्यक्ष

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) के सहायक प्रोफेसर डॉ. ओपी मिश्रा को फैकल्टी एसोसिएशन के अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव में डॉ. ओपी मिश्रा ने डॉ. मणिकांत यादव को 75 मतों से हराया। मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कुल 140 पात्र शिक्षकों में से 125 सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया। सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा गोयल को उपाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर भारत भूषण को महासचिव, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर आत्मा राम को संयुक्त सचिव और कम्प्यूटर इंजीनियरिंग

विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इसी प्रकार मैकेनिकल इंजीनियरिंग से डॉ. कृष्ण कुमार तथा डॉ. संजय कुमार को कार्यकारी सदस्य चुना गया है। ब्यूरो

NEWS CLIPPING: 29.01.2021

DAINIK JAGRAN

छात्राओं की मनभावन प्रस्तुतियों ने मन मोहा

जेसी बोस यूनिवर्सिटी में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान कालेज छात्राओं ने इस अंदाज में अमर शहीदों को नमन किया • सौजन्य कालेज छात्रा।

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर जेसी बोस यूनिवर्सिटी में आयोजित समारोह के दौरान कालेज छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया। इसके अलावा बालाजी पब्लिक स्कूल एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर तगा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्रों एवं अभिभावकों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान छात्र रंग बिरंगी वेशभूषा में देश भक्ति एवं लोक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों की प्रस्तुति देखकर अध्यापक एवं अभिभावक काफी प्रसन्न हुए और तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। बालाजी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया और संविधान का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं फतेहपुर तगा के प्रधानाचार्य सतीश चौधरी ने छात्रों को अपने अभिभावकों, अध्यापकों और अपने से बड़े व्यक्ति का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।

NEWS CLIPPING: 29.01.2021

NAVBHARAT TIMES

डॉ. ओ. पी. मिश्रा बने अध्यक्ष

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस यूनिवर्सिटी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रफेसर डॉ. ओ. पी. मिश्रा को यूनिवर्सिटी की फैकल्टी असोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में डॉ. मणिकांत यादव को 75 मतों के अंतर से हराया। असोसिएशन ने मैनेजमेंट स्टडीज विभाग में सहायक प्रफेसर डॉ. नेहा गोयल को उपाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रफेसर भारत भूषण को महासचिव, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रफेसर आत्मा राम को संयुक्त सचिव और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रफेसर डॉ. उमेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना है।

NEWS CLIPPING: 29.01.2021

THE PIONEER

डॉ. ओपी मिश्रा को फैकल्टी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना

फरीदाबाद। वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. ओपी मिश्रा को विश्वविद्यालय की फैकल्टी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। डॉ. मिश्रा ने अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में डॉ. मणिकांत यादव को 75 मतों के अंतर से हराया। मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कुल 140 पात्र शिक्षकों में से 125 सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया। चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी ललित मोहन ने बताया कि चुनाव मतदान प्रणाली के माध्यम से संपन्न हुआ। एसोसिएशन ने मैनेजमेंट स्टडीज विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा गोयल को उपाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर भारत भूषण, को महासचिव, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर आत्मा राम को संयुक्त सचिव चुना है।